NEWS CLIPPING: 11.03.2021

PUNJAB KESARI

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया

फरीदाबाद, राकेश देव (पंजाब केसरी)। स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद द्वारा स्थानीय एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल फरीदाबाद के सहयोग से आज नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गयाए जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने चिकित्सा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लाभ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम को चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार तथा कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने शिविर का जायजा भी लिया। एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल फरीदाबाद के तीन चिकित्सकों की टीम, जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहित अग्रवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. शैलेंद्र प्रताप सिंह तथा डॉ. अनुपम कुमार वाष्र्णेय शामिल थे ने विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को हृदय रोग, आर्थोपेडिक और स्पोर्ट्स इंजुरी से रोकथाम, निदान और उपचार के बारे में बताया तथा उनकी चिकित्सा जांच एवं स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया। इसके अलावाए मधुमेह, उच्च रक्तचाप तथा हड्डी संबंधी रोगों को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए ब्लड प्रेशर चेक.अप, ब्लड शुगर चेक.अप, ईसीजीए बीडीएम हड्डियों की जांच के लिए बीएमडी टेस्ट नि:शुल्क किए गए।

पंजाब केसरी Thu, 11 March 2021 mpaper.punjabkesari.com/c/5901

NEWS CLIPPING: 11.03.2021

DAINIK JAGRAN

शिविर में 200 छात्रों ने कराई स्वास्थ्य जांच



डा. शैलेंद्र प्रताप सिंह जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को चिकित्सकीय परामर्श देते हुए • सौजन्य विश्वविद्यालय प्रवक्ता

वि., फरीदाबाद : जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल की ओर से बुधवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। चिकित्सा अधिकारी डा.अंकुर शर्मा ने मुख्य रूप से सहयोग किया। कुलपति प्रो.दिनेश कुमार तथा कुलसचिव डा.सुनील कुमार गर्ग ने शिविर का जायजा भी लिया।

एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल हृदय रोग विशेषज्ञ डा. मोहित अग्रवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. शैलेंद्र प्रताप सिंह तथा डा. अनुपम कुमार ने छात्रों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान हृदय रोग, आर्थोपेडिक और स्पोर्ट्स इंजरी से रोकथाम, निदान और उपचार के बारे में बताया तथा उनकी चिकित्सा जांच एवं स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया। इसके अलावा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप तथा हड्डी संबंधी रोगों को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए ब्लड प्रेशर चेक-अप, ब्लड शुगर चेक-अप, ईसीजी, बीडीएम हड्डियों की जांच के लिए बीएमडी टेस्ट किए गए। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया तथा लाभ उठाया।

NEWS CLIPPING: 11.03.2021

NAVBHARAT TIMES

200 लोगों की जांच हुई



वरिष्ठ संवाददाता, फरीदाबाद: स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए द्वारा स्थानीय एसएसबी हार्ट एंड मल्टिस्पेशालिटी हॉस्पिटल, फरीदाबाद के सहयोग से बुधवार को फ्री स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने चिकित्सा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लाभ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम को चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इसमें मधुमेह, उच्च रक्तचाप तथा हड्डी संबंधी रोगों को लेकर टेस्ट फ्री किए गए। शिविर में लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
(formerly YMCA University of Science and Technology)
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING: 11.03.2021

HINDUSTAN

स्वास्थ्य शिविर में दो सौ लोगों ने जांच कराई

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में बुधवार को स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें दो सौ लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। इस दौरान छात्रों को को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।